आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 14.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा— प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद महिला सशक्तीकरण में एक नए युग की शुरुआत हुई है।
- मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में बाबा साहेब समरसता स्थल और अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में समाज सुधारकों के नाम पर बहुउद्देश्यीय भवनों के निर्माण की घोषणा की।
- प्रदेश में आज बैसाखी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया।
- द्वितीय केदार मद्दमहेश्वर के कपाट 21 मई तथा तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।

डॉ. भीमराव आंबेडकर

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद महिला सशक्तीकरण में एक नए युग की शुरुआत हुई है। महिला सशक्तिकरण पर श्री धामी ने कहा कि यूसीसी के माध्यम से राज्य की मुस्लिम बहन—बेटियों को हलाला, इद्दत, तीन तलाक जैसी कुप्रथाओं से मुक्ति मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का काम किया जा रहा है।
कार्यक्रम में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि हरिद्वार में बाबा साहेब समरसता स्थल का निर्माण और अनुसूचित समाज के बाहुल्य इलाकों में समाज सुधारकों के नाम पर बहुद्देशीय भवन बनाए जाएंगे।

उधर, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून को लेकर हो रही हिंसा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन कब्जा करने वाले माफिया सक्रिय हो गए हैं, इसलिए हिंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि देश में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

अवैध मदरसे

नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में बिना पंजीकरण के अवैध रूप से चल रहे मदरसों के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई आज दूसरे दिन भी जारी रही। जिले के अपर जिलाधिकारी विवेक कुमार रॉय ने बताया कि प्रशासन की टीम अवैध रूप से चल रहे मदरसों को सील कर रही है।
इससे पहले कल भी हल्द्वानी में 14 अवैध मदरसों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई थी।

राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय

प्रदेश के सभी तेरह जिलों में राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा छह में प्रवेश के लिए 630 रिक्त सीटों के सापेक्ष कुल 617 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने आज यह जानकारी दी।

श्री सिमल्टी ने बताया कि राजीव गांधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 का आयोजन 9 मार्च को राज्य के सभी 13 जिलों में बनाए गए 107 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा में कुल तेरह हजार चार सौ तीन अभ्यर्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि चयन सूची सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को ई—मेल के माध्यम से भेज दी गई है।

## बैसाखी

आज प्रदेश में खासकर पर्वतीय अंचल में बैसाखी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने घरों में पूड़ी–पकौड़ी समेत विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए। बागेश्वर जिले के बाबा बागनाथ धाम में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बाबा बागनाथ को समर्पित यह धाम कुमाऊं क्षेत्र की आस्था का केंद्र माना जाता है। मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए पहुंची श्रद्धालु लक्ष्मी अंडोला का कहना है कि वे हर साल बाबा से सुख–शांति की प्रार्थना करने आते हैं। उनका मानना है कि बाबा बागनाथ के दर्शन से न सिर्फ उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं बल्कि जीवन में शांति और संतुलन भी आता है।

बागेश्वर जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि बैसाखी का पर्व जहां खेती–किसानी के नए चक्र की शुरुआत का प्रतीक है, वहीं यह पर्व सामाजिक और धार्मिक एकता का संदेश भी देता है।

## तिथि निर्धारण

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्दमहेश्वर के कपाट 21 मई और तुंगनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जांएगे। केदारनाथ, मद्दमहेश्वर, तुंगनाथ, रुद्रनाथ और कल्पेश्वर उत्तराखंड के प्रमुख पांच केदार है। तुंगनाथ उखीमठ में स्थित पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में आज पंचांग गणना के बाद मंदिर के तीर्थपुरोहितों और समिति ने मद्दमहेश्वर मंदिर के कपाट खोलने की तिथि की घोषणा की।

उत्तरकाशी जिले में स्थित मां यमुना के मायके में स्थित शनिदेव महाराज सोमेश्वर महाराज मंदिर के कपाट आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर विशेष पूजा अर्चना विधि–विधान के साथ मंदिर के द्वार खोले गए।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

देहरादून के रायपुर ब्लॉक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन की अभिनव पहल शुरू की है। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर–घर से सूखा कूड़ा एकत्र करने के साथ ही अपनी आजीविका को भी संरक्षित कर रही हैं। इस कार्य में वेस्ट वारियर्स एनजीओ द्वारा आवश्यक आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिससे महिलाएं प्रतिमाह 6 हजार तक आय सृजित करने लगी हैं।
मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि वेस्ट वारियर्स एनजीओ की मदद से इस मॉडल का विस्तार किया जाएगा और अन्य ग्राम पंचायतों में भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन की दिशा में कार्य किया जाएगा।

## आदि कैलाश यात्रा

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश और ओम पर्वत पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों को 40 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर वितरित किए। श्री टम्टा ने बताया कि एसएसबी को 10, आईटीबीपी को 10, कुमाऊं स्काउट को 10, केएमवीएन को 6 और स्वास्थ्य विभाग को चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधा मिलने से तीर्थयात्री यात्रा के दौरान जरूरत पड़ने पर इसका लाभ उठा सकेंगे।